संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2019
(सामान्य अध्ययन-I)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. भारतीय कला, संस्कृति और स्थापत्य के क्षेत्र में मुगल साम्राज्य के योगदान की चर्चा करें। **(150 शब्द) 10**
2. चीनी यात्री ह्वेनसांग के भारत भ्रमण के यात्रा वृत्तांत 7वीं सदी के भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को उद्घाटित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं विवेचन करें। **(150 शब्द) 10**
3. असहयोग आंदोलन की वापसी ने जिस क्रांतिकारी आंदोलन की नींव तैयार की थी, उसे काकोरी कांड ने समाप्त कर दिया था। समीक्षा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
4. "सागरीय निक्षेप किसी देश के खनिज एवं ऊर्जा संसाधन के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं।" इस कथन का परीक्षण करें। **(150 शब्द) 10**
5. पुराचुंबकत्व से आप क्या समझते हैं? यह किस प्रकार प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के प्रमाण हेतु एक सेतु का कार्य करता है? वर्णन कीजिये। **(150 शब्द) 10**
6. क्या कारण है कि भारत में अधिकांश धात्विक खनिज प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्र की प्राचीन रवेदार चट्टानों में पाए जाते हैं? भारत में खनिज वितरण की मुख्य पट्टियों की चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. झंझा-नीर (Storm water) प्रबंधन कृषि भूमि के कटाव और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की बाढ़ को रोकने के लिये आवश्यक है। भारत के विविध भौगोलिक क्षेत्रों के संदर्भ में झंझा-नीर प्रबंधन की चुनौतियों का परीक्षण करें। **(150 शब्द) 10**
8. भारत में महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी दर पहले से ही कम है; जिसमें आर्थिक विकास की अवधि के दौरान तेज़ी से गिरावट देखी गई। इस कथन की जाँच करें। **(150 शब्द) 10**
9. जाति प्रथा पर प्रहार, महिलाओं की स्थिति में सुधार और आधुनिक शिक्षा प्रणाली का प्रसार ही भारत में 19वीं सदी के सुधारों के प्रमुख स्तंभ थे। टिप्पणी करें। **(150 शब्द) 10**
10. "भारतीय समाज में विभिन्न डेरों और आश्रमों के प्रति अंधश्रद्धा एवं आकर्षण बढ़ता जा रहा है।" समालोचनात्मक टिप्पणी करें। **(150 शब्द) 10**
11. सूफी और भक्ति संत वास्तव में मध्यकालीन भारत में सामाजिक एवं धार्मिक क्रांति ला सके। चर्चा करें **(250 शब्द) 15**
12. चर्चा करें कि क्या हाल के समय में नए राज्यों का निर्माण, भारत की अर्थव्यवस्था के लिये लाभप्रद है या नहीं? **(250 शब्द) 15**
13. "अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध हुए विभिन्न किसान आंदोलनों में 'नील विद्रोह' पहला सर्वाधिक जुझारू एवं संगठित विद्रोह था, जिसने न केवल किसानों के प्रतिरोध की एक मिसाल कायम की, बल्कि अपने उद्देश्य में सफलता भी पाई। विवेचना करें। **(250 शब्द) 15**
14. "भारत में अवक्षयी (डिप्लीटिंग) भौम जल संसाधनों का आदर्श समाधान जल संरक्षण प्रणाली है।" शहरी क्षेत्रों में इसको किस प्रकार प्रभावी बनाया जा सकता है? **(250 शब्द) 15**
15. 'हरित क्रांति' जहाँ एक तरफ भारत में कृषि क्रांति लाने में सफल रही वहीं दूसरी तरफ इसने भारत में क्षेत्रीय असमानता में भी वृद्धि की है"। कथन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये। **(250 शब्द) 15**
16. "अंतर्देशीय जलमार्ग आर्थिक रूप से दक्ष एवं निम्न समय गहन होते हुए भी भारत में इनका विकास नहीं हो पाया है"। इसके पीछे निहित कारणों की पहचान करते हुए समाधान हेतु कुछ उपाय सुझाएँ। **(250 शब्द) 15**
17. ऐसा देखा जाता है कि वलित पर्वत प्रायः महाद्वीपों के किनारे पर अवस्थित हैं । विश्व में वलित पर्वतों एवं भूकंप तथा ज्वालामुखी के वितरण के अंतर्सबंध को स्पष्ट कीजिये । **(250 शब्द) 15**
18. सागरमाला परियोजना की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिये तथा भारत में तटीय प्रदेशों के पत्तन-आधारित विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालिये। **(250 शब्द) 15**
19. महिलाओं को समानता का अधिकार देने के लिये महिला आरक्षण विधेयक जैसे उपाय कितने कारगर सिद्ध हो सकते हैं? समाज और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये ठोस तर्कों के साथ अपना उत्तर दीजिये। **(250 शब्द) 15**
20. क्षेत्रवाद से आप क्या समझते हैं? आप इस मत से कहाँ तक सहमत हैं कि क्षेत्रवाद अलगाववाद की कुंजी है"। भारत के संदर्भ में उचित उदाहरण देकर व्याख्या कीजिये। **(250 शब्द) 15**